# हिंदी  विभाग

# वार्षिक रिपोर्ट

# जनवरी 2021– दिसम्बर 2021

# TIC- डॉ भारती

## वेबिनार

15 जनवरी 2021 को हिंदी साहित्य परिषद द्वारा “सिनेमा को सत्यजित राय का योगदान” विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया इस वेबिनार में 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया |इस वेबिनार में सिने-अध्येता के रूप में रविकांत और डॉ. विजय शर्मा जी ने अपना वक्तव्य दिया |यह कार्यक्रम गूगल मीट पर आयोजित किया गया |

## भारतेंदु स्मृति नाट्य प्रतियोगिता

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी ‘भारतेंदु स्मृति नाट्य प्रतियोगिता’ का आयोजन किया गया| ऑनलाइन इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था इसलिए ‘एकल अभिनय प्रतियोगिता’ और ‘एकल स्क्रिप्ट लेखन प्रतियोगिता’ का आयोजन किया गया| एकल स्क्रिप्ट लेखन प्रतियोगिता के विजेता थे-नेहा कुमारी (प्रथम,तृतीय वर्ष ),महिमा (द्वितीय वर्ष ), अनन्या (तृतीय वर्ष) और “एकल अभिनय प्रतियोगिता का परिणाम रहा – आकांशा (प्रथम,तृतीय वर्ष )सुमन (द्वितीय,तृतीय वर्ष )गीता (तृतीय,द्वितीय वर्ष)

## विशेष व्याख्यान

3 फरवरी 2021 को राम चन्द्र शुक्ल जी की पुण्य तिथि पर हिंदी विभाग की साहित्य परिषद ने “राम चन्द्र शुक्ल की आलोचना दृष्टि” नामक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया |इस कार्यक्रम में विशेष वक्ता के रूप  में डॉ. रामेश्वर राय (एसोसिएट प्रोफेसर,हिन्दू कॉलेज )को आमंत्रि किया गया था |यह कार्यक्रम गूगल मीट पर हुआ और 70 से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया | 16 अगस्त 2021 को “जेंडर समानता कितनी जमीनी कितनी आभासी” विषय पर एक वेबिनार का अयोजन किया  गया |इस में आमंत्रित वक्ता थे डॉ. सुधा वासन (एसोसिएट प्रोफेसर,डिपार्टमेंट ऑफ़ सोशियोलॉजी),तथा बजरंग बिहारी तिवारी (एसोसिएट प्रोफेसर,दिल्ली विश्वविद्यालय) इसमें 60 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया |

## तुलसी जयंती समारोह

प्रत्येक वर्ष की तरह 18 अगस्त 2021 को हिंदी विभाग द्वारा तुलसी जयंती समारोह का आयोजन किया गया |जिसका विषय  “उत्तर आधुनिक विमर्श की रोशनी में तुलसी

साहित्य रहा | प्रस्तुत विषय पर अपना वक्तव्य प्रदान करने के लिए प्रोफेसर सुधीश पचौरी को आमंत्रित किया गया| कार्यक्रम काफी विचारोतेजक रहा |

## युवा संवाद

हिंदी साहित्य परिषद द्वारा 1 सितम्बर 2021 को युवा संवाद का आयोजन किया गया |इस कार्यक्रम में हिंदी में भविष्य की सम्भावनाओं  को बताने के लिए विशेष वक्ता के रूप में वैभव श्रीवास्तव के साथ-साथ कमला नेहरु कॉलेज की ही तीन alumni को भी आमंत्रित किया गया था |जिनके नाम हैं -रश्मि राणा,प्रियंका शर्मा,मोनिका गुप्ता| यह कार्य क्रम काफी सराहनीय रहा इसमें 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया |

## हिंदी कवि सम्मेलन

हिंदी दिवस के उपलक्ष में 14 सितम्बर 2021 को  हिंदी विभाग द्वारा "हिंदी कवि सम्मेलन" का आयोजन किया गया |इसमें प्रमुख कवियों में सविता सिंह,  जितेन्द्र श्रीवास्तव ,अनुपम मिश्र ,पंकज चौधरी रहे | कवियों ने वर्तमान समस्याओं से जुडी कई विचारोत्तेजक कविताओं का पाठ किया | नये कवियों के साथ वरिष्ट कवियों का जुड़ना एक नया अनुभव रहा |

## रंगमंचीय व्याख्यान श्रृंखला

हिंदी साहित्य परिषद द्वारा 29 सितम्बर 2021 को **रंगमंचीय व्याख्यान श्रृंखला -1** का आयोजन किया गया इसमें प्रमुख वक्ता के रूप में ईश्वर शून्य (अभिनेता और निर्देशक )को आमंत्रित किया गया |यह विषय न केवल रंगमंच और नाटक के पाठ को समझने के लिए उपयोगी रहा बल्कि नाट्य प्रस्तुतियों से संबधित बारीकियों को भी जानने का अवसर मिला | इसका विषय था -रंगमंच सिद्धांत और तकनीक |

'लोक नाट्य के विविध पहलू' विषय पर **रंगमंचीय व्याखान श्रृंखला -2** का  आयोजन 6 अक्टूबर 2021 को हुआ |इस विषय पर वक्तव्य देने के लिए सुभाष चंद्र कुशवाह जी को आमंत्रित किया गया | हमारे देश में लोक नाट्य के विविध रूप विद्यमान रहे हैं जैसे अंकिया नाट,सामा चकेवा,बिदेसिया , कथकली,नोटंकी,रासलीला,भवईआदि | लोक नाट्य भारतीय लोकमानस में रचा बसा संस्कार है |इस विषय को कुशवाह जी ने अपने अनुभव से और अधिक सार्थक बनाया |हमारे विभाग की छात्राओं के पाठ्यक्रम में भी लोक नाट्य लगा हुआ है इसी लिए छात्राओं ने भी इस विषय में विशेष रूचि ली |

## प्रथम स्तर प्रवेश प्रक्रिया 2021- 22

हिंदी विभाग की प्रथम सत्र प्रवेश प्रक्रिया की शरुआत 30/10/2021  से आरम्भ हुई |जिसके अंतर्गत 29 Unreserved,12 OBC, 11 SC, 1 ST,1 EWS विद्यार्थियों का दाखिला हुआ |

## वेबिनार और विचार संगम प्रतियोगिता

आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में, 22 दिसम्बर 2021 को दिल्ली विश्वविद्यालय की '**विद्या विस्तार योजना के अंतर्गत**' कमला नेहरु कॉलेज (दिल्ली विश्वविद्यालय) तथा जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय पोर्ट-ब्लेयर( पांडिचेरी विश्वविद्यालय) एक वेबिनार तथा विचार संगम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | मानवीय संसाधनों के वैकल्पिक प्रयोग और सृजनात्मक विकास का अधिकतम लाभ उठाने के लिए यह दिल्ली विश्वविद्यालय की अनोखी पहल है |इस कार्यक्रम में दोनों विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और अध्यापकों ने भाग लिया |कार्यक्रम में वेबिनार का विषय था -"राष्ट्रीय सांस्कृतिक काव्यधारा में राष्ट्रीयता का स्वप्न" इस विषय पर प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो. विजय बहादुर सिंह (भोपाल )तथा प्रो.दुर्गा प्रसाद गुप्त (जामिया) से थे |इसमें 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया |

## पैनल डिस्कशन

**"वर्तमान समय में साहित्य की सामाजिक भूमिका"** विषय पर हिन्दी विभाग द्वारा 28 जनवरी 2022 को एक पैनल डिस्कशन का आयोजन किया गया| साहित्य को हम ऐतिहासिक विकास के रूप में अथवा जीवन से लगाव के रूप में देखते हैं| समाज चाहे कोई भी हो साहित्य उसे हर युग में संस्कारित करता है| इस वातावरण में हमारे समाज, सिद्धांत, अवधारणाएँ किस प्रकार परिवर्तनशील होती हैं, आज के इस ऊहापोह के समय में साहित्य की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना जितना ज़रूरी है, उतना ही पेचीदा भी| मिथक टूट रहे हैं, नए मिथक और आलोचनाएं आकार ले रही हैं| ऐसे में साहित्य की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो उठाती हैं| इसी क्रम में यह पैनल डिस्कशन एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में रहा | इसमें आमंत्रित वक्ताओं में आशुतोष भारद्वाज, प्रो. श्यौराज सिंह बेचैन, डॉ. अवनिजेश अवस्थी रहे| कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं विचारोत्तेजक रहा|

## राष्ट्रीय वेबिनार, अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कमला नेहरु की हिन्दी साहित्य परिषद् द्वारा एक राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया| जिसका विषय "भारत में मातृभाषाएँ : विविध आयाम" रहा| इसमें आमंत्रित वक्ताओं में प्रो. सदानंद साही, डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ. निर्मल दास रहे| यह कार्यक्रम 10:00 बजे से 1: 00 बजे तक आयोजित किया गया| मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना से भरती है|

मातृभाषा से इतर राष्ट्र की संस्कृति की संकल्पना अपूर्ण है| इस वेबिनार में हमने प्रयास किया कि देश के अलग-अलग हिस्सों की मातृभाषाओं पर चर्चा की जा सके|

इसीलिए प्रो. सदानंद शाही जी भोजपुरी, डॉ. निर्मल दास बांग्ला और डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी ने जनजातीय भाषाओं पर अपना वक्तव्य दिया |

## भारतेंदु स्मृति नाट्य प्रतियोगिता

प्रत्येक वर्ष की तरह हिन्दी विभाग द्वारा “भारतेंदु स्मृति नाट्य प्रतियोगिता” का आयोजन 9 मार्च 2022 बुधवार को NSR में एक बजे किया गया| लॉकडाउन के पश्चात कॉलेज खुलने पर यह प्रतियोगिता फिजिकल मोड में आयोजित की गयी| जिसमे हिन्दी विभाग के तीनों वर्ष की छात्राओं के साथ-साथ हिन्दी जेनरिक तथा हिन्दी डिसिप्लिन की छात्राओं ने भाग लिया| प्रतियोगिता दो स्तर पर आयोजित की गयी-

1- एकल अभिनय वर्ग
2- समूह अभिनय वर्ग

*एकल अभिनय वर्ग में विजेता रहे-

*प्रथम पुरस्कार- 1000/-
दिया सिसोदिया ( बी.ए. ऑनर्स, हिंदी GE)
*द्वितीय पुरस्कार – 700/-
मीरा (बी. ए.ऑनर्स, हिन्दी GE तृतीय वर्ष)
*साक्षी – 500/-
हिन्दी ऑनर्स, तृतीय वर्ष

*समूह अभिनय वर्ग के विजेता रहे -

- प्रथम पुरस्कार- बी. ए. ऑनर्स हिन्दी तृतीय वर्ष के विद्यार्थी
  1500/- (ऑनलाइन शिक्षा)
  (प्रिया शुक्ला, निधि कुमारी, अस्मिता, मोनिका कुमारी, काजल, आरती, अमीशा, तान्या,जूही,साक्षी 1210, सुधा कुमारी)
- द्वितीय पुरस्कार- 700/- (युद्ध और शांति)
  बी.ए. ऑनर्स,हिन्दी, द्वितीय वर्ष
  (खुशबू,काजल,स्नेहा,वान्या)